बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(खगड़िया)–05/2021.1412 पटना, दिनांकः–21/10/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक 119–। दिनांक 25.10.2023 द्वारा श्री चन्द्रशेखर कुमार साह, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN02850) के विरूद्ध दिनांक 27.07.2023 से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने एवं दहेज अधिनियम के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज रहने तथा जेल में बंद रहने संबंधी कतिपय आरोप लगाते हुए सेवा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप के पत्रांक 612 दिनांक 02.02.2024 द्वारा श्री साह से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 1037 दिनांक 26.02.2024 एवं अंतिम स्मार पत्रांक 12738 दिनांक 15.07.2024 द्वारा साक्ष्य सहित सुस्पष्ट मंतव्य की मांग बंदोबस्त पदाधिकारी से की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी का मंतव्य पत्रांक 403–।। दिनांक 13.08.2024 द्वारा प्राप्त हुआ है।

बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित आरोप/मंतव्य एवं श्री साह से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी का मंतव्य है कि ये दहेज अधिनियम के तहत विचाराधीन बंदी थे एवं जमानत पर रिहा होकर दिनांक 29.12.2023 को इनके द्वारा योगदान दिया गया है तथा इनका कार्य संतोषप्रद है। साथ ही यह भी उल्लेखित किया गया है कि ये कुल 184 दिन अनुपस्थित रहे हैं, जिस संबंध में कार्य नही तो मानदेय नहीं के आधार पर निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा किए गए अनुरोध के आलोक में श्री चन्द्रशेखर कुमार साह, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN02850) को अनुपस्थित दिनों के लिए कार्य नहीं तो मानदेय नहीं के आधार पर स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

18/10
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(खगड़िया)–05/2021 1412 पटना, दिनांक :–21/10/2024

प्रतिलिपि :– श्री चन्द्रशेखर कुमार साह, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN02850), बंदोबस्त कार्यालय, खगड़िया को सूचनार्थ प्रेषित।

18/10
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(खगड़िया)–05/2021 1412 पटना, दिनांक :–21/10/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, खगड़िया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/10
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(खगड़िया)–05/2021 1412 पटना, दिनांक :–21/10/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत इनकी व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/10
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप